# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 26 जुलाई 2026

जब तक आपका शरीर स्वस्थ और नियंत्रण में है और मृत्यु दूर है, अपनी आत्मा को बचाने की कोशिश कीजिये, जब मृत्यु सर पर आ जायेगी तब आप क्या कर पायेंगे?। -चाणक्य

वर्ष 18 अंक 324 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12+4

तापमान - अधिकतम 35.0°C (-1.5) न्यूनतम 27.4°C(-1.6) सेंसेक्स 76,095.77 (-331.62) निफ्टी 23,767.45 (-102.15) सोना 1,40,540 चांदी 2,40,000 मुद्रा - डालर 96.54 दिरहम 26.28 रियाल 25.74




# इंटीग्रेटेड क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**लखनऊ (सं)।** चिकित्सा शिक्षा में बुनियादी विषयों की समझ को मजबूत बनाने और छात्रों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करने के उद्देश्य से एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा यूनिवर्सिटी में शनिवार को इंटीग्रेटेड प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस 2025-26 बैच के प्रथम चरण के छात्रों ने भाग लेते हुए एनाटॉमी, फिजियोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री से जुड़े प्रश्नों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता का आयोजन एनाटॉमी, फिजियोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री विभागों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में तीनों बेसिक मेडिकल विषयों के समन्वित अध्ययन को बढ़ावा देना और उनकी शैक्षणिक क्षमता का आकलन करना था। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने विषयों की गहरी समझ और त्वरित विश्लेषण क्षमता का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी और एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. निरुपमा लाल ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें बेहतर चिकित्सक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी, फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह और बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. तारिक महमूद समेत कई अन्य चिकित्सक व विद्यार्थी शामिल हुए।